प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
12.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19.45बजे

मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल असम के गुवाहाटी से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त करेंगे जारी।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश में अगले दो महीनों में सीबीएसई स्कूलों में उपलब्ध होंगे सभी अध्यापक।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर के अनुसार– विकसित हिमाचल के बिना विकसित भारत की संकल्पना अधूरी।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा– सभी राजकीय महाविद्यालयों की रैंकिंग जल्द शुरू करेगी प्रदेश सरकार।

और

- प्रदेश में घरेलू रसोई गैस की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध– लोगों से आवश्यकता अनुसार बुकिंग करने की अपील।

...........

किसान सम्मान निधि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 13 मार्च को असम के गुवाहाटी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी करेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से लगभग 9 करोड़ 32 लाख किसानों के बैंक खातों में 18 हजार 6 सौ 40 करोड़ रुपये अंतरित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत अब तक किसानों को 4 लाख 9 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी जा चुकी है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में एक सौ 40 स्कूलों को सीबीएसई पाठयक्रम आधारित किया जा रहा है और अगले दो महीनों के भीतर इन स्कूलों में सभी अध्यापक उपलब्ध करवा दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने आज हमीरपुर ज़िले के सिद्धार्थ राजकीय महाविद्यालय नादौन के वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए ये बात कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में जल्द ही लेक्चरर और असिस्टेंट लेक्चरर के चार–चार सौ पद भरे जाएंगे। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल को वर्ष 2027 तक आत्मनिर्भर और 2032 तक सबसे समृद्ध राज्य बनाने के लिए प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमीरपुर में कैंसर अस्पताल के लिए 3 सौ करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं और यहां सुपर स्पैशिलिटी ब्लॉक भी स्थापित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र का सुदृढ़िकरण राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि एम्स दिल्ली की तर्ज पर सभी मैडिकल कॉलेजों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजकीय महाविद्यालय नादौन में 17 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनने वाले बहुउद्देशीय भवन का शिलान्यास भी किया।

<u>सुरेश कश्यप</u>

केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया है कि परवाणु–शिमला फोरलेन परियोजना के विभिन्न चरणों में कार्य प्रगति पर है और कई महत्वपूर्ण हिस्सों में काम पूरा भी हो चुका है। लोकसभा सांसद सुरेश कश्यप द्वारा पूछे गए एक सवाल के लिखित जवाब में उन्होंने संसद में ये जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि परियोजना के विभिन्न हिस्सों के लिए हजारों करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है और अलग–अलग चरणों में कार्य जारी है। नितिन गडकरी ने ये भी बताया कि वर्ष 2023 और 2025 में हुई भारी वर्षा, भूस्खलन और कुछ स्थानों पर डंपिंग साईट की उपलब्धता की समस्या के चलते परियोजना के कार्य में देरी भी हुई है।

<u>अनुराग ठाकुर</u>

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि विकसित भारत की संकल्पना विकसित हिमाचल के बिना अधूरी है। ये बात आज उन्होंने दिल्ली में आयोजित हिम मिलन कार्यक्रम के दौरान हिमाचल प्रदेश के प्रवासियों से बातचीत के दौरान कही। अनुराग ठाकुर ने हिम मिलन के अवसर पर देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को नमन करते हुए कहा कि हिमाचल वीरों की भूमि रही है। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध में प्रदेश के वीर जवानों ने अदम्य साहस और शौर्य का परिचय देते हुए पाकिस्तान ही नहीं बल्कि पूरे विश्व को अपनी वीरता का परिचय दिया था। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हिमालयी राज्यों की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए हिमालयन स्टेटस रीज़नल काउंसिल की स्थापना की है, जिसका उद्देश्य जल सुरक्षा, सतत पर्यटन व कृषि, डेटा प्रबंधन और कौशल विकास को बढ़ावा देना है।

<u>सिकंदर कुमार</u>

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया है कि युवा आपदा मित्र योजना के तहत प्रशिक्षित युवा आपदा मित्रों को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा

निर्देशों के अनुसार प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने सदन में ये जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि महिलाओं के नेतृत्व और भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एन.डी.एम.ए. ने महिला स्वयं सेवकों को आपदा सखी के रूप में शामिल करने का प्रावधान किया है।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार कौशल आधारित और रोजगारपरक शिक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है। ये बात आज उन्होंने प्रदेश के सबसे पुराने राजकीय वल्लभ महाविद्यालय मंडी के 75वें वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए कही। रोहित ठाकुर ने कहा कि वर्ष 1948 में स्थापित वल्लभ महाविद्यालय का शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान रहा है। अधिक ब्योरे के साथ हमारे मंडी ज़िला संवाददाता।

डिस्पैच––34''–शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार जल्द ही सभी राजकीय महाविद्यालयों की रैंकिंग शुरू करने जा रही है और इसकी प्रक्रिया इसी माह से शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस नई व्यवस्था के तहत प्रदेश के सभी 134 कॉलेजों को शामिल किया जाएगा, जबकि अभी तक नैक के तहत केवल 34 कॉलेज ही आते हैं। उन्होंने कहा कि इससे कॉलेजों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिलेगा। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में ढांचागत सुविधाओं के विकास के साथ–साथ शिक्षकों की नियुक्ति पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इंडियन ऑयल आश्वासन

इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड ने आश्वासन दिया है कि देशभर में ईंधन की निर्बाध आपूर्ति बनी हुई है। सोशल मीडिया पोस्ट में कंपनी ने कहा कि देशभर में उसके पेट्रोल पंप पूरी तरह सुचारू हैं और पेट्रोल, डीजल व अन्य पेट्रोलियम उत्पादों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। कंपनी ने ग्राहकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और पेट्रोल पंपों पर अनावश्यक भीड़ न लगाने की अपील की है। ग्राहकों को केवल सत्यापित सूचना पर भरोसा करने और पहले की तरह ही तेल भरवाने की सलाह दी गई है।

गैस आपूर्ति

खाद्य नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले विभाग के निदेशक रामकुमार गौतम ने कहा है कि प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में घरेलू गैस उपलब्ध हैं और गैस की सप्लाई भी नियमित रूप से मिल रही है। आज शिमला में उन्होंने कहा कि लोग घबराहट में बहुत ज्यादा एडवांस बुकिंग करवा रहे हैं और ओवर लोड की वजह से गैस एंजेसियों की वैब

साईट बंद हो गई है। राम कुमार गौतम ने जरूरत के मुताबिक ही गैस की बुकिंग करने की अपील की है।

## जन आरोग्य योजना

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत हिमाचल प्रदेश में वर्ष 2024–25 के दौरान कुल 86 हज़ार 93 मरीजों का उपचार किया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण राज्य मंत्री, प्रताप राव जाधव ने राज्यसभा सांसद, इंदु बाला गोस्वामी के एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि इस दौरान योजना के तहत मंडी ज़िले में सर्वाधिक और लाहौल स्पीति ज़िले में सबसे कम मरीजों का उपचार किया गया। प्रताप राव जाधव ने बताया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत इस वर्ष 28 फरवरी तक हिमाचल में 45 हजार सात सौ 68 आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की गई हैं।

## लोक अदालत

प्रदेश उच्च न्यायालय व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्तवाधान में 14 मार्च को राज्य के सभी न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में निपटारे के लिए विभिन्न अदालतों द्वारा अभी तक लगभग 82 हजार मामलों की पहचान की गई है। इस दौरान ट्रैफिक मैजिस्ट्रेट के न्यायालयों में एम.वी. चालान मामलों में ई–कोर्ट डिजिटल के माध्यम से कंपाउंडिंग शुल्क के भुगतान की ऑनलाईन सुविधा प्रदान की गई है।

——————————————